न्यायालय उपखण्ड़ अधिकारी, छोटीसादड़ी, जिला – प्रतापगढ़ (राज.)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज प्रकरण संख्या 15/2021 कैलाश बनाम सरकार जरिये तहसीलदार छोटीसादडी	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	18/8/21 प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र धारा 136 भू राजस्व अधिनियम 1956 का पेश कर निवेदन किया गया कि मौजा सेमरथली पटवार हल्का सेमरथली के आराजी संख्या 1025 रकवा 0.25 हैक्ट0 एवं आराजी संख्या 1026 रकवा 0.32 हैक्ट0 स्थित थी उक्त आराजी संख्या 1025 रकबा 0.25 हैक्ट0 मेसे 0.11 हैक्ट0 एवं आराजी संख्या 1026 रकबा 0.32 हैक्ट0 मेसे 0.14 हैक्ट0 कुल 0.25 हैक्ट0 भूमि आवासीय रूपान्तरण करवाई थी जिसका नामान्तरकरण दर्ज किया गया था संपरिवर्तन के नक्शे में भूमि 25 मीटर चोडी होकर उत्तरी व दक्षिणी भूजा समानान्तरण थी नामान्तरकरण पर चस्पा ट्रेस में भी दोनों भूजा समानान्तरण दशातें हुए नामान्तरकरण दर्ज किया गया इस परिस्थिति में आराजी संख्या 1025 व 1026 के उत्तर में क्रमशः 0.01, 0.01 भूमि छोडते हुए संपरिवर्तित भूमि की तरमीम की जानी थी परन्तु त्रुटि वंश आराजी संख्या 1026 मेसे ही 0.02 हैक्ट0 भूमि उत्तर दिशा में छोडते हुए तरमीम की गई जिससे राजस्व नक्शे व संपरिवर्तित प्रमाणित नक्शे में भिन्नता आ रही है। अतः संपरिवर्तित नक्शे अनुसार तरमीम करने का आदेश प्रदान करें। प्रार्थना पत्र पर तहसीलदार छोटीसादड़ी से जॉच रिपोर्ट तलब कि गई जिसमें पटवारी पटवार हल्का सेमरथली वताया कि प्रार्थी मौजा सेमरथली पटवार हल्का सेमरथली के आराजी संख्या 1025 रकबा 0.25 हेक्ट0 एवं आराजी संख्या 1026 रकवा 0.32 हैक्ट0 स्थित थी उक्त आराजी संख्या 1025 रकवा 0.25 हैक्ट0 मेसे 0.11 हैक्ट0 एवं आराजी संख्या 1026 रकवा 0.32 हैक्ट0 मेसे 0.14 हैक्ट0 कुल 0.25 हैक्ट0 भूमि आवासीय रूपान्तरण करवाई थी जिसका नामान्तरकरण दर्ज किया गया था संपरिवर्तन के नक्शे में भूमि 25 मीटर चोडी होकर उत्तरी व दक्षिणी भूजा समानान्तरण थी नामान्तरकरण पर चस्पा ट्रेस में भी दोनों भूजा समानान्तरण दशातें हुए नामान्तरकरण दर्ज किया गया इस परिस्थिति में आराजी संख्या 1025 व 1026 के उत्तर में क्रमशः 0.01, 0.01 भूमि छोडते हुए संपरिवर्तित भूमि की तरमीम की जानी थी परन्तु त्रुटि वंश आराजी संख्या 1026 मेसे ही 0.02 हैक्ट0 भूमि उत्तर दिशा में छोडते हुए तरमीम की गई जिससे राजस्व नक्शे व संपरिवर्तित प्रमाणित नक्शे में भिन्नता आ रही है जिसे नक्शे में शुद्ध किया जाना उचित हैं इस हेतु वर्तमान नक्शे के आराजी 1026/2706 रकबा 0.02 हैक्ट0 मेसे दक्षिण का हिस्सा 0.01 हैक्ट0 किस्म आबादी व आराजी संख्या 1025/2711 का उत्तरी हिस्सा रकबा 0.01 हैक्ट0 किस्म बारानी 2 दर्ज किया जाकर 1026 के दक्षिण की 0.01 हैक्ट0 भूमि किस्म बारानी 2 व 1025 के उत्तर की 0.01 हैक्ट0 भूमि किस्म आवादी किया जाना उचित होगा जिसे संपरिवर्तित भूमि की उत्तरी व दक्षिणी भूजाए समानान्तर हो जायेगी। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया एवं संलग्न दस्तावेज यथा वर्तमान जमाबन्दी नकल,गत जमाबन्दी नकल,वर्तमान नक्शा ट्रेस, संपरिवर्तन आदेश,संपरिवर्तन भूमि का नक्शा, नकल	

नामान्तरकरण संख्या 1307 दिनांक 14.10.11 मय चस्पा ट्रेस का अवलोकन किया गया रिपोर्ट हल्का सेमरथली का अवलोकन किया गया जिससे जाहिर होता है कि संपरिवर्तित भूमि की नक्शे में तरमीम सही नहीं हुए है जिसे संपरिवर्तित नक्शे अनुसार तरमीम किया जाना उचित है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर मौजा सेमरथली पटवार हल्का सेमरथली के वर्तमान नक्शे के आराजी 1026/2706 रकबा 0.02 हैक्ट0 मेसे दक्षिण का हिस्सा 0.01 हैक्ट0 किस्म आबादी व आराजी संख्या 1025/2711 का उत्तरी हिस्सा रकबा 0.01 हैक्ट0 किस्म बारानी 2 दर्ज किया जाकर 1026 के दक्षिण की 0.01 हैक्ट0 भूमि किस्म बारानी 2 व 1025 के उत्तर की 0.01 हैक्ट0 भूमि किस्म आबादी दर्ज किया जावें।

तहसीलदार छोटीसादडी को आदेशित किया जाता है कि राजस्व रेकार्ड में उक्त अनुसार दुरस्तीकरण कर पालना रिपोर्ट पेश करे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।